**प्रेस नोट**

**दिनांक 23.07.2025**

**रिज़र्व पुलिस लाइन हमीरपुर में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को दिया गया प्रशिक्षण ।**

आज दिनांक 23 जुलाई 2025 को पुलिस लाइन, हमीरपुर में रिक्रूट आरक्षियों हेतु विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । इस प्रशिक्षण का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, द्वारा किया गया, जिन्होंने आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों, आचरण और उत्तरदायित्वों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान आरक्षियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, जनसंपर्क कौशल, अपराध की रोकथाम तथा आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कार्रवाई जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बल के आधुनिककरण, साइबर अपराध, महिला एवं बाल सुरक्षा, संवेदनशीलता तथा मानवाधिकारों के संरक्षण जैसे विषयों पर भी चर्चा की।

इस अवसर पर रिक्रूट आरक्षियों ने पूरे उत्साह एवं एकाग्रता के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया । उन्हें प्रशिक्षण के दौरान प्रश्न पूछने और व्यावहारिक अनुभव साझा करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। यह प्रशिक्षण उनके आगामी पुलिस कार्य में अनुशासन एवं दक्षता लाने में सहायक सिद्ध होगा। प्रशिक्षण के अंत में सभी रिक्रूट आरक्षियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और देश सेवा के प्रति पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया।



